दिनांक : 31.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकास योजनाओं से छत्तीसगढ़ में बहाल हो रही है शांति।
- उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय का नाम सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय होगा, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- ईद उल फितर का त्यौहार उत्साह एवं उमंग से मनाया जा रहा है। मस्जिदों में आज विशेष नमाज अता की जाएगी।
- प्रदेश में कहीं-कहीं अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना।

प्रधानमंत्री-छत्तीसगढ दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल छत्तीसगढ के मोहभट्टा और विलासपुर जिलों में 33 हजार सात सौ करोड रुपए की समर्पित विकास परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं बिजली, सडक, रेल, तेल और गैस, शिक्षा तथा आवासन से संबंधित हैं। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तींसगढ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति का नया युग देखा जा रहा है। छत्तीसगढ का भाग्य बदल रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इसके अलावा अत्य धिक पिछडे जनजातीय समुदायों के लिए प्रधानमंत्री जन-मन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों के विकास पर हजारों करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

विक्रमोत्सव

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विक्रमोत्सव का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं के प्रकटीकरण के लिए हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। श्री पटेल ने रविवार को उज्जैन में विक्रमोत्सव अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन हमारे लिए एक नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल रामराज्य की याद दिलाता है। हमारी सरकार भी निरंतर जनता की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विक्रम विष्वविद्यालय का नाम सम्राट विक्रमादित्य विष्वविद्यालय करने की घोषणा की।

केंद्रीय कानून राज्य मंत्री डॉ. अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के शासन का प्रभाव अफगानिस्तान तक था। वे राजस्थान के बीकानेर से आते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेष में टूरिस्ट सर्किट बनाए जाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी।

विज्ञान मेला

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने किसानों से आगामी सीजन में कम से कम एक एकड़ में श्री अन्न एवं जैविक खेती की शुरूआत करने का आग्रह किया है। धार में राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले के समापन पर उन्होंने कहा कि जैविक खेती को अपनाने पर हम भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पबद्ध होंगे और आगे बढ़ेंगे।

राजस्व संग्रहण

इंदौर में रविवार को संपत्ति पंजीयन से रिकार्ड 40 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व संग्रहण किया गया। वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक षर्मा ने आकाषवाणी को बताया कि 2200 से अधिक दस्तावेजों का पंजीयन करने पर यह राषि प्राप्त हुई है। इस वित्तीय वर्ष में 1 लाख 84 हजार संपत्ति पंजीयन से अब तक 2 हजार 522 करोड़ रुपए के राजस्व का संग्रहण किया जा चुका है। श्री षर्मा ने बताया कि आज वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन भी सभी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। 01 अप्रैल 2025 से जिले में संपत्ति पंजीयन के लिए नई गाइड लाइन दरें लागू हो जाएगी साथ ही पंजीयन के लिए केवल संपदा 2.0 ही कार्य करेगा। 01 अप्रैल से संपदा 1.0 पर पंजीयन कार्य नहीं होगा।

ईद-उल-फितर

ईद-उल-फितर आज पूरे देश में मनाई जा रही है। इसके साथ ही आज रमजान का महीना भी समाप्त हो रहा है। इस मौक़े पर आज ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अता की जा रही है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने कहा कि ईद-उल-फितर रोजा और इबादत के पूरा होने का त्योहार है।

उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह पर्व शांति, प्रगति और खुशहाली लेकर आएगा तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने की शक्ति प्रदान करेगा। चांद दिखने के साथ ही प्रदेष में ईद की रौनक देखी जा रही है। लोगईद की मुबारकबाद दे रहे हैं। दाऊदी बोहरा समाज ने कल ईद मनाई।

जल गंगा अभियान

प्रदेष में कल से जल गंगा सर्वधन अभियान की शुरुआत हो गई है। अभियान की शुरुआत के अवसर पर भोपाल में कलियासोत नदी की साफ सफाई की गई। इस मौके पर महापौर मालती रॉय, जन प्रतिनिधियों और अधिकारी मौजूद रहे। अभियान के तहत जल स्रोतों की साफ सफाई कर लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। 3 महीने तक इस अभियान को चलाया जाएगा। अशोकनगर जिले की ग्राम पंचायतों में तालाब गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। कटनी जिले में जल संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का कार्य शुरू हुआ। जिले के 36 तालाबों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु 3 करोड 44 लाख 69 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संपूर्ण कार्य में 82 हजार 512 मानव कार्यदिवस का रोजगार सृजित होगा। मंडला में माँ नर्मदा तट माहिष्मति घाट पर अभियान आरंभ हुआ। रतलाम में ग्राम सेजावता विकास प्रस्फुटन समिति के युवाओं द्वारा सैकडों वर्ष पुरानी जल धरोहर ग्राम सेजावता की बाबडी में श्रमदान कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया।

मौसम

प्रदेश में आगामी कुछ दिनों में पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 1 और 2 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम समेत प्रदेश के पूर्वी हिस्से रीवा, शहडोल संभाग में बारिश, जबकि कुछ जिलों में ओले गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में कल भी कई जगहों पर तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। सर्वाधिक तापमान नर्मदापुरम में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

कुश्ती चैंपियनशिप

जॉर्डन की राजधानी अम्मान में, एशियाई कुश्तीं चैंपियनशिप की फ्री स्टाडइल स्पर्धा में, कल ओलंपिक पदक विजेता दीपक पूनिया और उदित ने रजत पदक जीता। दीपक पूनिया को 92 किलोग्राम भारवर्ग में जबकि उदित को 61 किलोग्राम वर्ग में रजत मिला। दिनेश ने 125 किलोग्राम वर्ग में तुर्कमेनिस्तान के जियामुहम्मत सपारोव को हराकर कांस्य जीता। भारत ने इस चैंपियनशिप में दस पदक हासिल किये हैं। इनमें एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य शामिल हैं।

एनआईए-मानव तस्करी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण-एनआईए ने एक व्यक्ति को डंकी रूट से अवैध रूप से अमरीका भेजने में शामिल प्रमुख आरोपी को कल गिरफ्तार किया। एनआईए ने बताया कि आरोपी गगनदीप सिंह को राजधानी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। एनआईए ने कहा कि पीड़ित को पिछले साल दिसंबर में डंकी रूट के जरिए अमरीका भेजा गया था और उसे इस महीने की शुरुआत में भारत वापस भेज दिया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सूर्य उपासना कार्यक्रमका आयोजन नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में भिण्ड में आयोजित किया गया।
- वहीं झाबुआ के राजवाड़ा चौक पर नववर्ष विक्रम संवत्, गुड़ी पड़वा कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया षामिल हुई।
- झाबुआ जिले के पेटलावद विकास खंड में ग्राम पंचायत रताम्बा में धमनिया तालाब स्थल पर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया।
- मुरैना में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में 29 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मेलों का आयोजन किया गया।
- बैतूल में रविवार को चैती चांद और झूलेलाल जयंती पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा धूमधाम से मनाई गई।

- मंडला में सिंधी समाज ने भगवान श्री झूलेलाल सांई का जन्म दिवस चैटीचण्ड भक्ति भाव से मनाया।
- टीकमगढ़ की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीना व्यास द्वारा कल सब जेल निवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
- भिण्ड जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर रेलवे के द्वारा इटावा से भोपाल के बीच 30 मार्च से 12 अप्रैल तक विषेष ट्रेन चलना शुरू हो गई है। यह गाड़ी भिंड स्टेशन होते हुए गुजरेगी।

-------